Australian Government
Aged Care Quality and Safety Commission

Engage
Empower
Safeguard

एकत्रित करने के बारे में नोटिस

हमारे कार्य और गतिविधियाँ क्या-क्या हैं?

अन्य बातों के अतिरिक्त, हमारे कार्यों और गतिविधियों में शामिल हैं:

- वृद्ध देखभाल के उपभोक्ताओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता की सुरक्षा करना और उसमें वृद्धि करना
- वृद्ध देखभाल सेवाओं को नियमित करना और सुनिश्चित करना कि वृद्ध देखभाल प्रदान करने वाले देखभाल की ज़िम्मेदारियों का अनुपालन कर रहे हैं
- वृद्ध देखभाल सेवाओं द्वारा गुणवत्तायुक्त देखभाल और सेवाएँ प्रदान करने को बढ़ावा देना
- गंभीर घटना प्रतिक्रिया योजना के अंतर्गत रिपोर्ट करने योग्य घटनाओं के बारे में नोटिस प्राप्त करना और उनका आकलन करना
- वृद्ध देखभाल सेवा प्रदाताओं व कॉमनवेल्थ से आर्थिक सहायता प्राप्त वृद्ध देखभाल सेवा के बारे में शिकायतों से निपटना।

एकत्रित करने के बारे में यह सूचना आपको क्यों दी जा रही है?

अपने काम के दौरान हम व्यक्तिगत जानकारी एकत्रित करते हैं और उसका उपयोग करते हैं, इसमें संवेदनशील जानकारी भी शामिल है जो वृद्ध देखभाल गुणवत्ता एवं सुरक्षा आयोग अधिनियम 2018 (*Aged Care Quality and Safety Commission Act 2018* – the Quality and Safety Commission Act) और वृद्ध देखभाल अधिनियम 1997 (the Aged Care Act) के अंतर्गत हमारे एक या अधिक कार्यों या गतिविधियों से सीधे संबंधित है, या यथोचित रूप से आवश्यक है।

हम गुणवत्ता और सुरक्षा आयोग अधिनियम, वृद्ध देखभाल अधिनियम, और गोपनीयता अधिनियम 1988 (the *Privacy Act 1988*) के अनुसार व्यक्तिगत जानकारी को एकत्र करने, उपयोग करने और कुछ जानकारी को प्रकट करने के लिए अधिकृत हैं। आपको यह नोटिस इसलिए मिला है क्योंकि इनमें से एक या अधिक उद्देश्यों के लिए हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी एकत्र कर रहे हैं, या हमने एकत्र की है।

हम व्यक्तिगत जानकारी कैसे एकत्र करते हैं?

हम व्यक्तिगत जानकारी को अनेक प्रकार के माध्यमों से एकत्र करेंगे, जैसे कि जब हम आपसे या आपके प्रतिनिधि से पत्र, ईमेल और हमारी अपनी वेबसाइट के माध्यम से संवाद करते हैं। हम व्यक्तिगत जानकारी तब भी एकत्र करते हैं जब आप या आपका प्रतिनिधि हमसे आमने-सामने मिलते हैं या टेलीफ़ोन द्वारा हमसे बात-चीत करते हैं। हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी तीसरे पक्ष जैसे कि अन्य सरकारी एजेंसियों से या संबंधित वृद्ध देखभाल सेवा प्रदाता और उसके कर्मचारियों से भी एकत्र कर सकते हैं।

आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कब प्रकट किया जा सकता है?

अपने एक या अधिक वैधानिक कार्यों या गतिविधियों को करने के उद्देश्य से हम आपकी व्यक्तिगत जानकारी तीसरे पक्ष को दे सकते हैं। उदाहरण के लिए, आपकी व्यक्तिगत जानकारी को किसी ऐसे अन्य संगठन को दिए जा रहे रेफ़रल में शामिल किया जा सकता है जो स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल की गुणवत्ता और पेशेवर मानक की निग़रानी करता है, जैसे कि Australian Health Practitioner Regulation Agency, स्वास्थ्य विभाग (Department of Health) और राज्य कोरोनर्स (coroners); या पुलिस को यदि यह किसी घटना से संबंधित है।

हम केवल तभी आपकी व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग अन्य प्रयोजनों के लिए करेंगे या उसे प्रकट करेंगे जब यह गुणवत्ता और सुरक्षा आयोग अधिनियम के भाग 7 ,वृद्ध देखभाल अधिनियम के भाग 6.2 अनुसार है, या जहाँ यह अन्यथा आवश्यक हो या कानून द्वारा अधिकृत हो।

हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके द्वारा गोपनीयता के लिए किए गए किसी भी अनुरोध का अनुपालन किया जाए, जब तक कि ऐसा करने से किसी भी व्यक्ति की सुरक्षा, स्वास्थ्य या कल्याण को ख़तरा होने की संभावना नहीं है।

व्यक्तिगत गोपनीयता के अनुरोध का अनुपालन न करने का निर्णय लेने से पहले संबंधित व्यक्तियों को सूचित करने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाएँगे।

हम आमतौर पर विदेशी प्राप्तकर्ताओं को व्यक्तिगत जानकारी नहीं देते हैं, लेकिन यदि हमारा ऐसा करने का इरादा होगा तो हम आपको सूचित करने के लिए उचित कदम उठाएँगे।

अधिक जानकारी

हमारी गोपनीयता बनाए रखने संबंधी कार्यों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए व अपनी व्यक्तिगत जानकारी को देखने या उसे सही करने के तरीके के बारे में या गोपनीयता संबंधी शिकायत करने के बारे में, हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध गोपनीयता नीति देखें या हमसे फ़ोन द्वारा संपर्क करें।

इस प्रकाशन की सभी जानकारी अप्रैल 2021 को सही है।

फ़ोन
1800 951 822

वेब
agedcarequality.gov.au

लिखें
Aged Care Quality and Safety Commission
GPO Box 9819, आपकी राजधानी के शहर में